amaan.cooldude18
राज
कॉमिक्स
संख्या 0039
खूनी खोज
नागराज
मुफ्त
नागराज का एक पोस्टर

नागराज सीरीज

खूनी खोज

लेखक : संजय गुप्ता
कलादिग्दर्शक : प्रताप मुलीक
चित्रकार : मिलिंद मुलीक, संजय
सम्पादक : मनीष गुप्ता

आतंकवादियों की तलाश में विश्व भ्रमण पर निकला नागराज अमेरिका के शहर न्यूयार्क जा पहुंचा।

नागराज मैनहटन के होटल क्लेरिजिस में ठहरा।

आधी रात को वह एक कैसीनो में पहुंचा-

वह बार मैन की तरफ बढ़ा-

नागराज ने रातभर न्यूयार्क के सारे नाइट क्लब छान मारे। लेकिन-

सॉरी सर! मैं खुद डॉन की तलाश में हूं। उसका एक महीने से कोई पता नहीं है।

थैंक्स फ्रांसिस्को!

नागराज निराश होकर वापस होटल के लिए चल दिया-

एफ.बी.आई. का एजेन्ट नम्बर डबल सेवन देर रात को अपने घर लौट रहा था, तभी...

धांय धांय

!

फटाक

...एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे कार रोकने पर विवश कर दिया।

डेंगो ने स्टेनगन फेंकी और आयरन ग्लोव्ज पहनकर घेरे में प्रविष्ट हो गया-

डेंगो के प्रहारों से बचते हुए जैसे ही उसके शरीर का कोई भी हिस्सा बाहर निकलता था विलियम के आदमियों की बंदूकें गरज उठती थीं-

उधर नागराज की टैक्सी होटल की तरफ बढ़ रही थी। अचानक ड्राइवर ने टैक्सी कच्चे रास्ते पर उतार दी। तभी नागराज सड़क पर लगे बोर्ड को देख कर चौंक पड़ा-

MAY GOD BLESS HIM!

उधर डैंगो ने डबल सेवन को मारते-मारते बेहोश कर दिया था। अब उसके हाथ में दुधारी तलवार नजर आ रही थी!
डैंगो! इसे मुक्ति दे दो!

डैंगो ने मजबूती से तलवार को ऊपर उठाया, लेकिन इससे पहले कि वह नीचे आती-

सांप

सांप से बचने के लिये डैंगो ने तलवार तो ऊपर उछाल दी, लेकिन खुद को गिरने से न बचा सका!

और-
खच्च

टाइगर व उसके साथियों ने उस तरफ देखा जिधर से सांप झपटे थे-

आठ आदमी मिलकर अकेले आदमी को विलियम की ताकत दिखा रहे हैं?

विलियम के खिलाफ बहुत बोल चुके हो। अब ये स्टेनगन तुम्हें खामोश कर देगी!
फायर!

लेकिन नागराज के...
...हाथों से निकलने वाले सांपों ने...

...उनकी उंगलियों की हरकत रोक दी। एक साथ दर्जनों सांप उनकी स्टेनगनों पर लिपट गए।

और जब वे वापस पलटे तो गनें भी उनके साथ थीं।

उसके बाद नागराज ने किसी को संभलने का अवसर नहीं दिया!

और कुछ ही देर बाद टाइगर के सभी साथी मृत्यु को प्राप्त हो चुके थे।
अरे! टाइगर कहां है?

तभी नागराज की निगाह एक पेड़ की डाल पर छिपे टाइगर पर पड़ी-
ओह, विलियम का कुत्ता भीगी बिल्ली बना पेड़ पर छिपा है!

नागराज ने उसे पेड़ से नीचे उतारा-
बता कुत्ते, कहां है तेरे आका विलियम का ठिकाना? बता नहीं तो मैं तुझे जान से मार दूंगा!

लेकिन नागराज इस समय एक लाश से बातें कर रहा था!
अरे! इसका चेहरा नीला कैसे पड़ गया?
टाइगर ने जहर की गोली निगल ली थी।

उफ! विलियम तक पहुंचने के लिये अब मुझे एक बार फिर डॉन की तलाश करनी होगी!
आह!

डबन सेवन के कराहने की आवाज सुनकर नागराज उसकी ओर बढ़ा-
लगता है इसे होश आ गया है।

उठो भाई! अब घबराने की कोई बात नहीं है। टाइगर व उसके साथी अब जिन्दा नहीं हैं।

क्या? क्या तुमने अकेले निहत्थे ही टाइगर और उसके सात साथियों को मार डाला? मुझे विश्वास नहीं होता। क्या तुम कोई जादूगर हो?

नहीं! मेरा नाम नागराज है। इन्हें इनके किये की सजा भगवान ने स्वंय दी है। तुम मुझे अपने बारे में बताओ। ये लोग तुम्हें क्यों पीट रहे थे?

मेरा नाम बास्को है। मैं अमेरिकन सीक्रेट सर्विस एफ.बी.आई. एजेंट नम्बर डबल सेवन हूं। ये लोग मुझे इसलिए मारना चाहते थे क्योंकि ब्यूरो ने मुझे डॉन से टॉर्चर द्वारा विलियम का ठिकाना मालूम करने का काम सौंपा था।

डॉन! विलियम का ठिकाना! बास्को, मैं खुद विलियम की तलाश में हूं और इसके लिये रात से मैं डॉन को खोज रहा हूं। अगर तुम मुझे डॉन से मिला दो तो तुम्हारा मुझ पर बड़ा अहसान होगा।

अहसान तो तुम्हारा मुझ पर है दोस्त! मैं पहला व्यक्ति हूं जो विलियम द्वारा मौत की सजा सुनाये जाने के बाद भी जीवित हूं...
...बहुत कम लोग जानते हैं कि डॉन इस समय वर्ल्ड की सबसे सुरक्षित जेल दि डेथ फोरट्रैस में कैद है। उससे मिलना नामुमकिन है...

...और मैं यह भी जानता हूं कि वर्ल्ड की सबसे सुरक्षित जेल में भी उसे एक अभेद्य सैल में रखा गया है- क्योंकि दुनिया में सिर्फ डॉन ही एक ऐसा व्यक्ति है- जिसके पास यूरोप व अमेरिका के हर गैंगस्टर, हर शातिर बदमाश की एक-एक गतिविधि व उनके खुफिया अड्डों की खबर है।

बास्को, क्या तुम मुझे बता सकते हो, वह जेल कहां है?
वह जेल कहां है, यह सिर्फ कुछ ही लोग जानते हैं। वैसे मुझे इतना पता है कि यह शिकागो में ही कहीं है और मैं शिकागो की फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट पर ही जा रहा था कि इन लोगों ने मुझे रोक लिया...

...लेकिन अब मैं अकेला नहीं, तुम भी मेरे साथ शिकागो चलोगे और अब हम ट्रेन द्वारा जायेंगे, क्योंकि हो सकता है एयरपोर्ट पर विलियम के आदमी हों।

न्यूयार्क रेलवे स्टेशन पर-
लेकिन बास्को, शिकागो में हमें, जेल का पता कौन बताएगा?
मुझे चीफ ने बताया है कि शिकागो में थ्रिल डान्स क्लब का डान्सिंग कोच जैक्सन, जो कि वास्तव में सी.आई.ए. का एजेन्ट है, मुझे जेल का पता बताएगा। मुझे खास तौर से इस काम के लिए भेजा जा रहा है- क्योंकि अब तक सी.आई.ए. व एफ.बी.आई. के तमाम जासूस डॉन से कुछ भी उगलवाने में असमर्थ रहे हैं। जबकि मेरे पास टॉर्चर करने के कुछ विशेष ही तरीके हैं।
न्यूयार्क एर

दोनों टिकट लेकर एक ट्रेन में सवार हो गये।

अभी ट्रेन को चले दो ही घंटे हुए थे कि-
आई ईssss

ओह! कोबरा नाग की गंध आ रही है। कहीं इसे सांप ने तो नहीं काट लिया!

नागराज लोगों को हटाकर उसके पास गया-
ओह! यह तो सर्पदंश ही है इसे बचाने के लिए मुझे तुरन्त इस के जिस्म से जहर को चूस कर बाहर निकालना होगा!

देखिए, आप लोग पीछे हट जाइए! इन्हें सांप ने काट लिया है। मैं इन्हें बचा सकता हूं!

नागराज ने होंठों से लड़की के पांव का सारा जहर चूस लिया!

कुछ ही देर बाद वे शिकागो पहुंच गए-

एक सौ एक डाउन शिकागो न्यूयार्क शटल प्लेटफार्म नम्बर दस पर पहुंच चुकी है।

DETROIT DIZ
PITTSBURGH 78
St. LOUIS

amaan.cooldude18
Trying To Be Perfect As Mr Perfectionist

स्टेशन से बाहर-
CHICAGO RAILWAY
STATION
ड्राइवर! ग्लोरी टाउन!

ग्लोरी टाउन पहुंच कर-
नागराज, तुम इस रेस्तरां में मेरी प्रतीक्षा करो। मैं जैक्सन से मिल कर आता हूं।

बास्को टैक्सी द्वारा थ्रिल कलब पहुंचता है।
THRILL CLUB
THRI
RAJ COMICS CHICAGO OFFICE
BAR

मुझे जैक्सन से मिलना है।
मेरे पीछे चले आइये!

जैक्सन, मेरा नाम बास्को है। मै डॉन को भरत नाट्यम सिखाना चाहता हूं। तुम मेरी क्या मदद कर सकतेहो?
बास्को, यह लॉकेट तुम्हारी बहुत मदद करेगा, इसे अपने गले में डाल लो।

लेकिन मोटर साइक्लिस्ट का कार से टकराने का कोई इरादा नहीं था।

और अगले ही पल उस मोटर साइकिल सवार को अपने सामने देख बास्को नें पूरी ताकत से ब्रेक दबा दिये।
चींऽऽऽऽ

ठीक उसी क्षण उस अज्ञात व्यक्ति ने अपने हाथ में दबी स्टेनगन का मुंह खोल दिया।
धड़
धड़
धड़
धड़

इसके बाद उसने मोटर साइकिल उसी दिशा में बढ़ा दी जिधर से वह आया था।

यह जरुर विलियम का आदमी था।
अब मैं बचूंगा नहीं। मेरी आंखों के सामने अंधेरा छा रहा है।

लेकिन मुझे नागराज तक अवश्य पहुंचना होगा। वही एक ऐसा व्यक्ति है जो विलियम को नेस्तनाबूद कर सकता है।

मौत से जूझते हुए बास्को ने कार आगे बढ़ा दी।

उधर नागराज ग्लोरी टाउन के उस ओपन एयर रेस्तरां में बैठा अपना पसन्दीदा पेय दूध पी रहा था।

बास्को को अब तक आ जाना चाहिए था।

तभी-

आह!

बचाओ!

अरे, यह लॉकेट कैसा है? पहले तो यह लॉकेट बास्को के गले में नहीं था।
नागराज ने लॉकेट अपने पास रख लिया-

तभी वातावरण में पुलिस सायरन की आवाज गूंजने लगी-
ओह! मुझे यहां से तुरंत निकल जाना चाहिए!
पींssss

कुछ ही देर बाद नागराज एक पार्क में बैठा उस लॉकेट के बारे में सोच रहा था-
इस लॉकेट में एक नृत्यांगना की आकृति बनी है। और बास्को भी एक नृत्यशाला में गया था। यह लॉकेट अवश्य उसे वहीं से प्राप्त हुआ है।

तभी नागराज की निगाहें लॉकेट में बनी नृत्यांगना के हाथ की उंगलियों पर स्थिर हो गई।
गौर से देखने पर उंगलियों ने बटनों का रूप ले लिया।

नागराज ने घास में से एक बारीक तिनका तलाश किया और उसकी सहायता से उस सूक्ष्म बटन को दबा दिया।

अब लॉकेट की मुर्ति ने एक दिशासूचक यंत्र का रूप ले लिया था। नृत्यांगना के हाथ अब ट्रैफिक पुलिस के सिपाही की तरह इशारे कर रहे थे।

ओह। यह तो कोई दिशा सूचक यंत्र लगता है। और अवश्य ही इस यंत्र की सहायता से मैं जेल तक पहुंच सकता हूं।

नागराज सड़क पर आ गया। अब उसे किसी ऐसे वाहन की तलाश थी- जिसके द्वारा वह लॉकेट की मदद से जेल तक पहुंच सके।
नहीं टैक्सी ठीक नहीं रहेगी। लेकिन निजी कार इस वक्त...

तभी-
मिस्टर नागराज!

अरे! मिस फ्लोरिडा आप?
मैंने आपको स्टेशन पर कितना ढूंढा, मगर आप तो एकदम ही गायब हो गए...

...शिकागो में कहां रहते हैं आप?
मिस फ्लोरिडा, मैं शिकागो में रहने नहीं आया बल्कि मैं यहां एक विशेष काम से आया हूं।

फिलहाल सबसे पहले विशेष काम यह है कि तुम्हें मेरे घर चलना होगा।
लेकिन?
लेकिन-वेकिन कुछ नहीं। मैं तुम्हें आज अपने हाथ की कॉफी जरूर पिलाऊंगी।

नागराज को सीट पर बिठाकर फ्लोरिडा ने कार आगे बढ़ा दी।
मुझे इस लड़की से सावधान रहना चाहिये।
अच्छा फ्लोरिडा! तुम्हारे अलावा कौन-कौन है तुम्हारे घर में? तुम्हारे मम्मी-डैडी...

अचानक फ्लोरिडा रोने लगी-
सुबक...सुबक..
फ्लोरिडा, क्या हुआ? देखो फ्लोरिडा, गम की मात्रा जब बहुत आधिक हो तो उसे बांट लेना ही चाहिये। तुम रोना छोड़कर मुझे कुछ बताओ। शायद मैं तुम्हारी मदद कर सकूं।

नागराज, मेरे मम्मी-डैडी अब इस दुनिया में नहीं हैं। आज से दो साल पहले एक दरिन्दे ने अकारण ही मेरे पिता की जान ले ली थी और डैडी की मौत के सदमे से मां भी तभी ही चल बसी थी।

कौन है वो हत्यारा?
मैं उस कमीने को कभी नहीं भूल सकती। मैं तुझे कुत्ते की मौत मारूंगी डॉन!

क्या? डॉन तुम्हारे डैडी का हत्यारा हैं?
हां नागराज, मैं तब से अब तक डॉन की तलाश में भटक रही हूं।

फ्लोरिडा, सब्र से काम लो। पहले मुझे सारी बात बताओ कि डॉन ने कैसे तुम्हारे पिता की हत्या की?

नागराज! मेरे डैडी शिकागो के मेयर थे। बात दो साल पहले की है...

...''दोपहर का समय था। हम सब लंच टेबल पर बैठे थे। तभी हमारे नौकर टॉम ने एक पैकेट लाकर डैडी को दिया''...

सर! यह पैकेट एक लड़का आपके लिये देकर गया है। कहता था किसी डॉन ने भिजवाया है।

...तब से अब तक मैं उस डॉन नामक कुत्ते की तलाश में थी। आज तुमने मुझे मेरी मंजिल के इतना करीब पहुंचा दिया है कि अब मैं और देर नहीं करना चाहती।

फ्लोरिडा, डॉन जेल में है। हम उसे कल सुबह तलाश करना शुरु करेंगे तब तक तुम आराम करो।

लॉकेट में बनी आकृति उन्हें हाथ के इशारे से दिशा संकेत दे रही थी।

यहां से दायें मोड़ लेना फ्लोरिडा!

विभिन्न भीड़-भाड़ वाली सड़कों से गुजरने के बाद अब वे शहर से बाहर एक निर्जन सड़क पर बढ़ रहे

अरे! इस तरफ तो सैनिक छावनी है!

थोड़ा आगे पहुंचने पर छावनी नजर आने लगी। तभी लॉकेट की आकृति हाथ के इशारे से रुकने का संकेत देने लगी।

ओह! कहीं वह जेल इसी छावनी के अन्दर ही तो नहीं है।

हां, ऐसा ही लगता है। क्योंकि सैनिक छावनी से सुरक्षित जगह शिकागो में दूसरी नहीं है!

दोनों कार से बाहर उतरकर छावनी में प्रविष्ट होने कि योजना बनाने लगे।
तभी धड़धड़ाता हुआ एक आर्मी का ट्रक सामने से आता दिखाई दिया।

जैसे ही ट्रक उनके सामने से गुजरा...
...सड़क पर बना मैन होल ट्रक का पहिया पड़ने से खड़खड़ा उठा-

और खड़क उठा नागराज का मस्तिष्क-
फ्लोरिडा! छावनी में मैं अकेला जाऊंगा।
लेकिन...

तुम फिक्र मत करो! डॉन को मैं तुम्हारे पास जिन्दा लेकर आऊंगा।

नागराज ने अपनी योजना फ्लोरिडा को बता दी।

ठीक आधे घंटे पश्चात् एक और आर्मी ट्रक छावनी की तरफ बढ़ रहा था। तभी-
अरे, यह कार बीच सड़क में कैसे खड़ी है? लगता है खराब हो गई है।

ट्रक कार के पीछे जाकर रुक गया।
ठीक मैन होल पर-

देखिए! मेरी कार अचानक खराब हो गई है। इसे साइड पर लगाने में मेरी मदद कीजिए प्लीज!

इसी बीच ट्रक के नीचे मैन होल का ढक्कन हटाकर नागराज बाहर आया...

...और ट्रक के निचले हिस्से में सांप की तरह चिपक गया-

और तब तक फ्लोरिडा की कार सड़क के किनारे लगाने के बाद ट्रक ड्राइवर ने ट्रक आगे बढ़ा दिया-

कुछ ही देर में ट्रक छावनी में प्रविष्ट हो गया।

नागराज ट्रक के नीचे से निकला और पेड़ पर चढ़ गया-

पेड़ की सबसे ऊंची शाखा पर पहुंचकर नागराज पूरी छावनी को देख सकता था।
लगता है यह सारे सैनिक ट्रेनिंग के लिये मैदान में जमा हो रहे हैं।

नागराज ने गर्दन घुमाकर दूसरी तरफ देखा तो चौंक पड़ा-
ओह! तो यही वह अभेद्य किला है- जिसमें से मुझे डॉन को निकालना है।

नागराज पेड़ से नीचे उतरा और किले की ओर बढ़ने लगा-
किले में प्रविष्ट होने का इससे अच्छा मौका और नहीं मिलेगा। सारे सैनिक मैदान में जमा हैं।

लेकिन किले से पहले उसे खाई का सामना करना पड़ा-
ओह! इसे तो मैं पलभर में तैरकर पार कर लूंगा।

तभी-
ओह! भयानक मगरमच्छ मेरी तरफ ही बढ़ रहा है!

और फिर शुरु हो गई एक खूनी मुठभेड़-

अभी नागराज मौत के दूत से जूझ ही रहा था कि-
ओह! एक और मगरमच्छ!

मौत के बढ़ते हुए कदमों को नागराज ने इस प्रकार रोका-

और नागरस्सी दूसरे मगरमच्छ के जबड़े पर कस गई-

फिर नागराज ने अपनी उंगलियां पहले मगरमच्छ की आंखों में घोंप दीं-

मगरमच्छ दर्द से छटपटाया और इसी बीच नागराज ने गोता लगाकर उसके पेट के कोमल हिस्से में अपने विषयुक्त दांत गड़ा दिये।

पोटाशियम साइनाइड से ज्यादा विषैले नागराज के दंश के प्रभाव से मगरमच्छ छटपटा भी न सका।

इसके बाद नागराज किले की दीवार पर पहुंच गया-

अब वह ठीक किसी सांप की तरह रेंगता हुआ किले की दीवार पर चढ़ रहा था।

किले की बुर्जी पर खड़े गार्ड ने उसे देख लिया-

लेकिन अगले ही पल चीखने के लिये खुला उसका मुंह...

...खुला का खुला रह गया-
वह मर चुका था।

दीवार से उतरते ही नागराज का सामना हुआ एक वार्डर से-
मेरी आंखों में देखो!
??

देखो, मुझे डॉन तक पहुंचने का रास्ता बताओ।

डॉन की सैल मेन बिल्डिंग में है और जिसका गेट स्वचालित मैकेनिज्म द्वारा सिर्फ एक बजे खुलता है। अब कल एक बजे से पहले अंदर जाने के बारे में सोचना बेकार है।

तभी नागराज की दृष्टि एक मैन होल पर स्थिर हो गई!
ओह! मेन बिल्डिंग के गंदे पानी की निकासी इसी सीवर लाइन द्वारा होती होगी?

देखो! अब तुम दो घण्टे के लिए सो जाओ।
नागराज ने सोते हुए वार्डर को छिपा दिया।

काफी देर चलने के बाद एक मैन होल का आभास पाकर नागराज रुक गया-

इस समय अवश्य ही मैं मेन बिल्डिंग के ही किसी हिस्से के नीचे हूं।

नागराज ने मैन होल का ढक्कन थोड़ा सा हटाया...

"और झांक कर देखा-

लगता है यहां कोई नहीं है। मुझे बाहर निकलना चाहिये।

नागराज मैन होल का ढक्कन हटाकर बाहर आ गया था।

तुम लोगों मे से डॉन कौन है?
मैं!
मैं!
मैं!
मैं डॉन हूं!

लगता है यह समझ गए हैं कि मैं डॉन को आजाद कराने आया हूं।
देखो! मैं यहां डॉन का कत्ल करने आया हूं। अगर तुम मुझे असली डॉन का पता नहीं बताओगे, तो मैं एक-एक करके तुम सबको खत्म कर दूंगा...

...यह मत समझना कि मैं निहत्था हूं... यह देखो मेरी ताकत!
शीघ्र ही एक नाग नागराज की कलाई से छूटा...

...और एक कैदी के गले में लिपट गया-
बचाओ-बचाओ। मैं डॉन नहीं हूं। डॉन वह है सत्तरह नम्बर कोठरी में।

नागराज सतरह नम्बर कोठरी के पास पहुंचा-
डॉन, मैं तुम्हें छुड़ाने आया हूं।
दोस्त जल्दी से सामने लगे बोर्ड का सत्तरह नम्बर बटन दबा दो!

amaan.cooldude18
Trying To Be Perfect As Mr Perfectionist

बटन दबाते ही सत्तरह नम्बर कोठरी का दरवाजा खुल गया-
सर्र्र...

इसके बाद नागराज डॉन के साथ उसी सीवर के रास्ते से बाहर निकल गया।

उसी रास्ते पर बढ़ते हुए नागराज उसी मैन होल के नीचे पहुंच गया- जहां से वह अन्दर प्रविष्ट हुआ था। उसने ढक्कन को ऊपर उठाना चाहा लेकिन-
ओह! ढक्कन उठ क्यों नही रहा?
लाख कोशिश के बाद भी ढक्कन टस से मस न हुआ।

डॉन! हमें दूसरे मैन हाल से बाहर निकलना होगा!
दोनों अगले मैन होल की तलाश में आगे बढ़ गए।

अगले मैन होल पर पहुंचकर नागराज ने सावधानी से ढक्कन हटाया और दोनों बाहर आ गए।

बाहर आते ही दोनों भागकर दीवार पर चढ़ गए-
देखो, डॉन! उस मैन होल के ऊपर जीप खड़ी है- जिसका ढक्कन हम से खुल नहीं रहा था!

दोस्त! यह तो जेलर की जीप है! इसे काबू में कर लें तो हम आसानी से बाहर निकल सकते हैं!
अच्छा! फिर तुम मेरा कमाल देखो!
नागराज की कलाईयां हरकत में आ चुकी थीं।

जीप के पास-
अरे! सैम जीप के भीतर देखो!
अरे! सांप ही सांप!
दोनों डर की अधिकता के कारण बेहोश हो गए।

जेलर की जीप की वजह से किले का सदर दरवाजा खोल दिया गया था-
अब नागराज उस अभेद्य दुर्ग को भेद कर डॉन को साथ लिए जा रहा था-

- ★ क्या फ्लोरिडा अपना इंतकाम पूरा कर सकी?
- ★ क्या नागराज विलियम तक पहुंच सका?
- ★ डॉन का क्या हुआ?

यह सब जानने के लिए पढ़ें :-

खूनी यात्रा